वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email: connectpuregistrar@gmail.com

Fax.: (05452) 252344,252244
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 894 /प्रवेश सेल/2023 **दिनांक :** 26 सितम्बर .2023

पी.यू.कैट–2023 प्रवेश से सम्बन्धित सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसिलिंग सम्पन्न करायी जा चुकी है। प्रथम काउंसिलिंग के उपरान्त शेष बची सीटों पर प्रवेश हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार काउंसिलिंग सम्पन्न करायी जायेगी–

1. आरक्षित वर्ग (SC, ST, OBC) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण नियमों के तहत द्वितीय काउंसिलिंग 29 सितम्बर 2023 को सम्पादित करायी जायेगी।
2. द्वितीय काउंसिलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीटों पर तृतीय/अन्तिम काउंसिलिंग में आरक्षित वर्ग को अन्तिम मौका देते हुये रिक्त बची आरक्षित वर्ग की सीटों को अनारक्षित वर्ग में परिवर्तित कर अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया जायेगा। तृतीय काउंसिलिंग 30 सितम्बर 2023 सम्पन्न करायी जायेगी।
3. उपरोक्त बिन्दु 1 एवं 2 उन पाठ्यक्रमों पर लागू होगा, जिसमें प्रवेश परीक्षा करायी गयी है।
4. जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश लिया जा रहा है, उन पाठ्यक्रमों में तृतीय/अन्तिम काउंसिलिंग (दिनांक 30 सितम्बर 2023) के उपरान्त भी यदि सीटें रिक्त रहती है, तो उन सीटों पर प्रवेश हेतु दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को आनलाईन पोर्टल खोल दिया जायेगा एवं सीधे प्रवेश लिया जायेगा।
5. जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा नही करायी गयी है एवं उनमें सीधे (मेरिट के आधार) प्रवेश लिया जा रहा है, उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश (बची सीटों पर) हेतु दिनांक 26 सितम्बर 2023 से अभ्यर्थियों के लिये पोर्टल खोला जा रहा है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर सम्बन्धित पाठ्यक्रम के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर नियमानुसार प्रवेश ले सकते है।

उपरोक्त प्रवेश सम्बन्धित जानकारी हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित विषयों के विभागों में सम्पर्क कर सकते है।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अध्यक्ष/समन्वयक/सदसय, पी.यू.कैट–2023 विश्वविद्यालय परिसर।
2. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, विश्वविद्यालय परिसर संचालित विषय को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. वरिष्ठ आशुलिपक–वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी।
5. वरिष्ठ प्रबन्धक (साफ्टवेयर) मैसर्स यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ को इस आशय से प्रस्तुत कि उपरोक्त सूचना के क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
7. मीडिया प्रभारी–विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को सम्बन्धित समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव